राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा वितिरण मूल्यांकन

हाल ही में केंद्र सरकार के मंत्रालयों के राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा वितिरण मूल्यांकन **National E-Governance Service Delivery Assessment-NeSDA)** में **गृह मंत्रालय** की वेबसाइट को केंद्रीय मंत्रालय सेवाओं के पोर्टल में प्रथम स्थान और **डिजिटल पुलिस पोर्टल** को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ।

राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सेवा वितिरण मूल्यांकन:

- **परिचय:**
  - यह एक **आवधिक मूल्यांकन** है जिसका उद्देश्य नागरिकों को **ऑनलाइन सेवाओं के वितिरण** में राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों और केंद्र सरकार की प्रभावशीलता में सुधार करना है।
  - यह **कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय** द्वारा जारी किया जाता है।
  - इस आकलन में **सेवा पोर्टलों का मूल्यांकन उनके मूल मंत्रालय/पोर्टल विभाग के साथ किया गया था**।
  - यह आकलन **प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (DARPG)** ने अपने नॉलेज पार्टनर्स **नैसकॉम (NASSCOM) और केपीएमजी (KPMG)** के साथ मिलकर वर्ष 2021 में किया था।
  - NeSDA 2021, NeSDA का दूसरा संस्करण है, **पहला संस्करण वर्ष 2019 में लॉन्च किया गया था और यह एक द्विवार्षिक अध्ययन है।**
- **पोर्टल का वर्गीकरण:**
  - सभी सरकारी पोर्टल जिनका मूल्यांकन किया गया उन्हें दो मुख्य श्रेणियों में विभाजित किया गया है:
    - राज्य/संघ शासित प्रदेश/केंद्रीय मंत्रालय पोर्टल
    - राज्य/संघ शासित प्रदेश/केंद्रीय मंत्रालय सेवाओं के पोर्टल
- **मापदंड:**
  - मूल्यांकन के **चार मुख्य मापदंड** थे:
    - **पहुँच**
    - **सामग्री उपलब्धता**
    - **उपयोग में आसानी और सूचना की सुरक्षा**
    - **केंद्रीय मंत्रालय के पोर्टलों के लिये गोपनीयता**
  - केंद्रीय मंत्रालय के सुविधा पोर्टलों के लिये **तीन अतिरिक्त मापदंडों** का उपयोग किया गया:
    - **लक्षित सेवा वितिरण**
    - **एकीकृत सेवा वितिरण**
    - **स्थिति और अनुरोध ट्रैकिंग**
- **NeSDA 2021 का नवीनतम मूल्यांकन:**
  - गृह मंत्रालय के मामले में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) के डिजिटल पुलिस पोर्टल को सेवा पोर्टल के तहत मूल्यांकन के लिये चुना गया था।
  - तद्नुसार, गृह मंत्रालय की मुख्य वेबसाइट को मूल्यांकन के लिये **मूल मंत्रालय पोर्टल के रूप में चुना गया था।**
  - राज्य/केंद्रशासित प्रदेश पोर्टल की श्रेणी में **समूह A राज्यों में- केरल** सबसे आगे रहा और **तमिलनाडु** ने प्रगति दर्ज की तथा उसके बाद **पंजाब** का स्थान रहा।
  - **समूह B राज्यों में- ओडिशा** शीर्ष पर है और उसके बाद **उत्तर प्रदेश** तथा **बिहार** का स्थान है।
  - **पूर्वोत्तर राज्यों में नगालैंड, मेघालय और असम शीर्ष** पर हैं।
  - केंद्रशासित प्रदेशों में **जम्मू-कश्मीर सबसे ऊपर है, उसके बाद अंडमान तथा निकोबार, पुद्दुचेरी, दिल्ली और चंडीगढ़ का स्थान है।**

स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-e-governance-service-delivery-assessment-1